Hindi Education Online

हिंदी सीखो कार्य प्रपत्र

| नाम : | कक्षा : | विषय : | संख्या: १ |
| --- | --- | --- | --- |

# संवाद-लेखन


## दो या दो से अधिक लोगों के बीच होने वाली बातचीत को संवाद, बातचीत या वार्तालाप कहते हैं।

- यह बातचीत काल्पनिक या वास्तविक दोनों हो सकती है।
- संवाद व्यक्ति से व्यक्ति के मध्य, व्यक्ति और वस्तु के मध्य, तथा वस्तु से वस्तु के मध्य भी हो सकता है।
- पात्रों की उम्र ,लिंग , पद आदि को ध्यान में रखकर  संवाद लिखना चाहिए।
- वार्तालाप विषय से सम्बंधित और अवसर अनुकूल होनी चाहिए।
- वार्तालाप की भाषा सरल, सरस और भावपूर्ण होनी चाहिए।
- वाक्य छोटे- छोटे और अर्थगर्भित होने चाहिए।
- पात्रों के हाव-भाव कोष्ठक में लिखना चाहिए।
- पारिवारिक व मित्र के साथ लिखे जाने वाले संवादों में अनौपचारिकता होनी चाहिए।
- शिक्षक, अफसर, नेता आदि के साथ संवाद में औपचारिकता का निर्वाह होना चाहिए।
- वार्तालाप में क्रमबद्धता, सम्बद्धता और आत्मीयता होनी चाहिए।
- यथासंभव हंसी- मज़ाक, कुशल-क्षेम, हाव-भाव, सीख आदि का ध्यान रखना चाहिए।

 All Rights Reserved 

## उदाहरण : काल्पनिक संवाद वस्तु से वस्तु के बीच में

## ब्लैकबोर्ड और चॉक के मध्य संवाद



ब्लैकबोर्ड : नमस्कार।

चॉक : नमस्कार , क्या हाल हैं ?

ब्लैकबोर्ड : तुम बताओ

चॉक : मैं थक गया हूँ। आज हर अध्यापिका ने मेरा इस्तेमाल किया।

ब्लैकबोर्ड : हाँ मैंने देखा , जैसे तुम चलते - चलते घिस गए हो वैसे ही मैं भी बहुत रगड़ा गया और ज्यादा रगड़ जाने की वज़ह से मुझे दर्द भी हो रहा है। मेरी चमक भी मिट गई है।

चॉक : एक बात बताओ मित्र तुम इतने काले क्यों हो, नहाते नहीं हो क्या ?

ब्लैकबोर्ड : मैं इसलिए इतना काला हूँ ताकि जब भी मुझ पर लिखा जाये तो बच्चों को साफ़ -साफ़ दिखाई दे।

चॉक : अरे मित्र ! तुम इतने निराश क्यों हो ?

ब्लैकबोर्ड: क्या बताऊँ मित्र कुछ अध्यापक मेरे बदले नया बोर्ड लगाने की बात कर रहे थे।

चॉक : यार मेरी भी एक समस्या है मैं कल नष्ट होने वाला हूँ मेरा जीवनकाल तो तुमसे बहुत छोटा है।

 All Rights Reserved 

ब्लैकबोर्ड : मेरी समस्या तो तुम्हारी समस्या से बहुत छोटी है.मित्र एक बात की संतुष्टि है कि हम बच्चों के ज्ञानवर्धन में काम आते हैं।

चॉक : सही बात है मित्र , चलो अब आराम करते हैं। अलविदा।

ब्लैकबोर्ड : अलविदा।

## दो पेड़ों के मध्य हो रही बातचीत लिखिए:



 All Rights Reserved 

**दो मित्रों के मध्य पेड़ों के महत्त्व के बारें में हो रही बातचीत लिखिए:**



 All Rights Reserved 

 All Rights Reserved 